# लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयनित महिला स्टाफ नर्सो की तैनाती के सम्बन्ध में।

राजकीय मेडिकल कालेजो में सृजित एवं रिक्त स्टाफ नर्स महिला के पदो पर चयन की कार्यवाही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से की गयी है और 484 अर्ह अभ्यर्थियो की संस्तुति तैनाती आदेश जारी करने हेतु उपलब्ध करायी गयी है। चयनित अभ्यर्थियो की सूची वेबसाईट www.dgme.up.gov.in पर उपलब्ध है। सूची का अवलोकन कर अपना मेरिट कमाक अवश्य नोट कर ले मेरिट कमांक की आवश्यकता कांउसिलिंग के समय होगी। तैनाती व्यक्तिगत कांउसिलिंग (In Person Counseling) के माध्यम से **दिनांक 11.05.2022 (बुद्धवार) को कलाम सेन्टर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ में की जायेगी।**

- व्यक्तिगत कांउसिलिंग निम्न समयावधि में सम्पन्न की जायेगी।

| क्र | समयावधि | उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| 1 | 10 बजे से 12 बजे के मध्य | मेरिट कमांक 01 से 200 तक |
| 2 | 12 बजे से 02 बजे के मध्य | मेरिट कमांक 201 से 350 तक |
| 3 | 02 बजे से 2.30 बजे | लंच |
| 4 | 2.30 बजे से 3.30 बजे के मध्य | मेरिट कमांक 351 से 484 तक |

- सभी अभ्यर्थियो को निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसिलिग हेतु आवंटित समयावधि से कम से कम एक घण्टा पूर्व कांउसिलिग स्थल पर उपस्थित हो।
- सभी अभ्यर्थियो से अपेक्षा है कि वह आधार कार्ड अवश्य लाये।

2– कमांक 285 पर अंकित साहिबा खातून (रोल नं0 073786) का आवेदन पत्र जो उनके द्वारा लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में जमा किया गया था वह आयोग के द्वारा उपलब्ध नही कराया गया है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु महानिदेशालय के पत्र संख्या–एम0ई0–1/2022/1325 दिनांक 20.04.2022 के द्वारा सचिव, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को पत्र प्रेषित किया गया है। स्थिति स्पष्ट होने के उपरान्त ही कमांक 285 पर अंकित साहिबा खातून (रोल नं0 073786) की तैनाती किया जाना सम्भव होगा।

3– विलम्ब से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियो को विलम्ब फार्म भरना होगा तथा तत्समय जो भी विकल्प उपलब्ध होंगे उन्ही में से विकल्प चुनना होगा।

4– ऐसे अभ्यर्थी जो निर्धारित तिथि व समय पर व्यक्तिगत कांउसिलिंग हेतु उपस्थित नही होते है तो उन्हे अनुपस्थित मानते हुए उनसे नीचे के अभ्यर्थी को कांउसिलिंग में मौका प्रदान किया जायेगा।

5– काउंसिलिंग व्यक्तिगत रूप में होगी, जिसके माध्यम से अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग स्थल पर ही तैनाती हेतु उपलब्ध विकल्प का स्वैच्छिक चयन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। काउंसलिंग का कम मेरिट कमांक के आधार पर होगा।

6– सभी अभ्यर्थियो से अपेक्षा है कि वह विभागीय वेबसाईट www.dgme.up.gov.in का अवलोकन समय–समय पर करते रहे। यदि किसी प्रकार का कोई परिवर्तन/दिशा निर्देश होंगे तो वह वेबसाईट पर प्रसारित किये जायेगे।

7– सभी अभ्यर्थियो से अपेक्षा है कि वह कोविड नियमो का पालन करते हुए कांउसिलिंग की प्रकिया में प्रतिभाग करें।

8– कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियो को कोई यात्रा भत्ता आदि अनुमन्य नही किया जायेगा।